-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 15.12.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना जसपुरा पुलिस द्वारा मानसिक रुप से बीमार गुम हुई वृद्ध महिला के परिजनों का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 15.12.2024 को थाना जसपुरा पुलिस द्वारा मानसिक रुप से बीमार गुम हुई वृद्ध महिला के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि कल दिनांक 14.12.2024 की रात्रि में डायल यूपी-112 को सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा जसपुरा में एक वृद्ध महिला जो मानसिक रुप से बीमार है व अपना नाम पता ठीक से नही बता पा रही है। सूचना पर डायल यूपी-112 की पीआरवी 5473 के द्वारा थाना जसपुरा पर लाया गया था। महिला से कई बार पूछताछ करने उसने अपना पता सिर्फ अलीगंज बताया जिस पर थाना जसपुरा द्वारा तत्काल थाना कोतवाली नगर से सम्पर्क कर महिला के बारे जानकारी की गई तो पता चला कि महिला का नाम बिंदी देवी पत्नी रामऔतार कुशवाहा उम्र करीब 60 वर्ष निवासी पोड़ा बाग अलीगंज थाना कोतवाली नगर है। पुलिस द्वारा महिला के परिजनों को बुलाकर सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। महिला के पुत्र द्वारा बताया गया कि उनकी माँ मानसिक रुप से बीमार है तथा घर से बिना बताये चली गई थी।

टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष जसपुरा श्रीमती मोनी निषाद
2. उ0नि0 श्री भूपेन्द्र सिंह
3. हे0कां0 मनोज पाण्डेय
4. कां0 रामेन्द्र सिंह
5. कां0 अनिल कुमार
6. म0कां0 अर्चना देवी